प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

चर्चा

लोकसभा में संविधान एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक 2026 पर चर्चा चल रही है। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के सभी सदस्यों से नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन का समर्थन करने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की लाखों महिलाओं की नज़रें संसद, उसके इरादों और उसके फ़ैसलों पर टिकी हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से महिलाओं के लिए आरक्षण के पक्ष में मतदान करने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के लिए संसद में चर्चा जारी है। उन्होंने कहा कि संशोधन को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए तार्किक जवाब दिए गए हैं और हर संशय का सरकार ने समाधान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब समय आ गया है कि देश की आधी आबादी को उसका अधिकार निश्चित रूप से मिले। उन्होंने कहा कि देश की शक्ति को सम्मान देने के लिए यह एक महान अवसर है।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में अलग–अलग श्रेणियों के एक हजार 5 सौ पदों को भरने की मंजूरी दी है। इनमें एक हजार पुलिस जवानों की भर्ती की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये मंजूरी दी गई। बैठक में आईजीएमसी और टांडा को छोड़कर अन्य चार मेडिकल कॉलेजों में सेवानिवृत मेडिकल प्रौफेसर को हायर करने का निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 60 रूपए से बढ़ाकर 80 रूपए, मक्की का 40 से 50 रूपए, जौ का 60 रूपए से 80 रूपए और हल्दी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 90 से बढ़ाकर एक सौ 50 रूपए करने का निर्णय भी लिया। इसके अलावा सेवानिवृत नायब तहसीलदार, कानूनगो और पटवारियों को पुर्ननियुक्ति प्रदान करने को भी मंजूरी दी गई।

बायोमीट्रिक अपडेट

प्रदेश के सभी स्कूलों में 20 अप्रैल से अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट शिविर आयोजित करवाएं जाएंगे। इसका उद्देश्य उन बच्चों के आधार का अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट करवाना है जिन्होंने 5 वर्ष और 15 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है। यह शिविर डिजिटल टेक्नोलॉजिज एंड गवर्नेंस, स्कूल शिक्षा विभाग और समग्र शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित करवाएं जाएंगे। ये शिविर जिला–वार चरणबद्ध ढंग से सरकारी और निजी विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार को सर्वसम्मति से भारतीय ग्रैपलिंग संघ, जीएफआई का नया चैयरमैन नियुक्त किया गया है। भारतीय ग्रैपलिंग के महासचिव सुबोध कुमार यादव ने आधिकारिक पत्र जारी करते हुए प्रोफैसर सिकंदर कुमार को इस पद के लिए आमंत्रित किया है। हिमाचल प्रदेश व अन्य राज्यों के खेल प्रेमियों ने इस नियुक्ति का स्वागत किया है। गौरतलब है कि भारतीय ग्रैपलिंग संघ विश्व की सबसे बड़ी कुश्ती संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रैसलिंग से मान्यता प्राप्त है।

टीकाकरण

एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत सोलन जिला में अभी तक पांच सौ 28 किशोरियों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अजय पाठक ने बताया कि जिले में करीब 7 हजार किशोरियों को ये वैक्सीन लगाई जाएगी। उन्होंने सभी पात्र किशोरियों से वैक्सीन लगवाने और भ्रातियों से दूर रहने का आग्रह किया।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य में 19 अप्रैल तक वर्षा, बर्फबारी व ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि कुल्लू, कांगड़ा, मंडी और चंबा जिलों में आज ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अधिक ऊंचाई व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश, ओलावृष्टि, बर्फबारी, तेज हवाएं और बिजली गिरने की भी संभावना है।

बाइट.....शोभित कटियार...निदेशक....मौसम विज्ञान केंद्र शिमला